54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 14.0°c
अधिकतम 27.6 °c

**अमृतवाणी**
जिंदगी जब तक रहेगी,
फुरसत न होगी काम से।।
कुछ समय ऐसा निकालो,
प्रेम कर लो 'श्रीराम' से।।

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सोच के विपरीत है : खड़गे



अहिंसा परमो धर्म की सोच के भी....

सूर्योदय - 6:42, सूर्यास्त - 6:19 | वर्ष : 54/ अंक : 61 | मंगलवार, 03 मार्च 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये | कुल पृष्ठ : 4













54 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या- 25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 14.0°c अधिकतम 27.6 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:42, सूर्यास्त - 6:19 | वर्ष : 54/ अंक : 61 | मंगलवार, 03 मार्च 2026 | फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा | सम्वत 2082 | मूल्य : 3 रुपये



**अमृतवाणी**

जिंदगी जब तक रहेगी।
फुरसत न होगी काम से।।
कुछ समय ऐसा निकालें।
प्रेम कर लो 'श्रीराम' से।।

पश्चिम एशिया में चल रहा संघर्ष 'वसुधैव कुटुम्बकम' की सोच के विपरीत है : खड़गे



अहिंसा परमो धर्म की सोच के भी....

# मुठभेड़ में कुख्यात विक्की त्यागी का बेटा व साथी घायल, गिरफ्तार

## सोशल मीडिया पर हथियार तस्करी गैंग का पर्दाफाश

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** जनपद की थाना सिविल लाइन पुलिस ने देर रात एक बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए सोशल मीडिया के माध्यम से अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना रक्षित त्यागी को उसके साथी ऋतिक त्यागी सहित मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। जवाबी फायरिंग में दोनों बदमाश घायल हुए हैं। रक्षित त्यागी पश्चिम उत्तर प्रदेश के पूर्व कुख्यात अपराधी रहे स्वर्गीय विक्की त्यागी का बेटा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि शातिर तस्कर बिना नंबर की कार से हथियारों की सप्लाई करने जा रहे हैं। सिविल लाइन पुलिस ने संधावली अंडरपास के पास घेराबंदी की, तो बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस द्वारा की गई गोलीबारी में रक्षित और ऋतिक दोनों के पैरों में गोली लगी। पुलिस ने मौके से 4 पिस्टल, 2 तमंचे, भारी मात्रा में कारतूस और एक बिना नंबर की टाटा नेक्सा कार बरामद की है। पुलिस अब रक्षित के मोबाइल डेटा और व्हाट्सएप चैट्स को खंगाल रही है ताकि उन युवाओं और खरीदारों की पहचान की जा सके जिन्होंने इस गैंग से हथियार खरीदे हैं। पुलिस का मानना है कि इस गिरफ्तारी से क्षेत्र में होने वाली फायरिंग और वर्चस्व की घटनाओं में भारी कमी आएगी।

**इंस्टाग्राम और फेसबुक पर सजती थी हथियारों की मंडी**

मुजफ्फरनगर। मुठभेड़ की जानकारी देते हुए एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि रक्षित त्यागी ने 20 से 30 वर्ष के युवाओं का एक संगठित गैंग बना रखा है। यह गैंग फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर ग्राहकों से संपर्क करता था। गैंग का मुख्य निशाना वे युवा होते थे जो वर्चस्व की जंग में शामिल होकर सोशल मीडिया पर अपनी धाक जमाना चाहते थे। जांच में सामने आया है कि ये हथियार मध्य प्रदेश के इंदौर से लाए जा रहे थे।

**जरायम की दुनिया की विरासत : विक्की त्यागी का बेटा है रक्षित**

मुजफ्फरनगर। पकड़ा गया मुख्य आरोपी रक्षित त्यागी अपराध की दुनिया में पुराना नाम है। वह कुख्यात अपराधी विक्की त्यागी का पुत्र है, जिसकी मुजफ्फरनगर कोर्ट परिसर में हत्या कर दी गई थी। रक्षित की माँ मीनू त्यागी भी चिन्हित माफिया है और वर्तमान में जेल में बंद है। रक्षित पर कम उम्र में ही मुकदमे दर्ज होने शुरू हो गए थे और वर्तमान में मुजफ्फरनगर, मेरठ और देहरादून सहित विभिन्न जनपदों में उस पर 15 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं।

एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि रक्षित त्यागी लंबे समय से पुलिस की आंखों में धूल झोंक रहा था। इस बार मुठभेड़ में उसकी गिरफ्तारी एक बड़ी सफलता है। उसके मोबाइल से कई अहम सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर गैंग के अन्य सदस्यों को सूचीबद्ध किया जा रहा है। अब पुलिस इस पूरे गैंग पर 'गैंगस्टर एक्ट' के तहत कार्रवाई करेगी और इनकी अवैध रूप से अर्जित संपत्ति को भी कुर्क किया जाएगा।"







## पालतू पिटबुल के हमले से युवक घायल

**चरथावल, 02 मार्च (बु.)।** चरथावल कस्बे के मौहल्ला छिंपीयान निवासी मनोज पुत्र नरेश को एक पालतू पिटबुल कुत्ते ने काटकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनोज रास्ते से गुजर रहा था, सोनू पुत्र कर्मसिंह द्वारा पाले गए पिटबुल ने अचानक उन पर हमला कर दिया। कुत्ते ने उनके पैर पर काट लिया, जिससे वह लहूलुहान हो गए। किसी तरह कुत्ते को काबू में किया गया। घटना के बाद परिजनों ने मनोज को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के साथ एंटी रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि संबंधित कुत्ते को पहले भी खुला छोड़ा जाता रहा है। घटना से आक्रोशित मनोज ने थाना चरथावल पहुंचकर लिखित शिकायत दी और कुत्ते के मालिक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मौहल्ले के लोगों ने भी प्रशासन से ऐसे खतरनाक नस्ल के कुत्तों पर नियंत्रण और सख्त नियम लागू करने की मांग की है।



## अजित पवार के बेटे ने वीडियो शेयर किया : इसमें प्लेन कंपनी मालिक मेन पायलट सीट पर सोते दिखे

**मुंबई, 2 मार्च (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बेटे जय पवार ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर श्रफवेंचर्स की उड़ानों को तुरंत रोकने की मांग की। 28 जनवरी 2026 को इसी कंपनी के प्लेन क्रैश में जय के पिता अजित पवार का निधन हुआ था। जय पवार ने वीडियो शेयर कर लिखा- मैंने अपने पिता को खो दिया है... यह पीड़ा जिंदगी भर मेरे साथ रहेगी। उन्होंने लिखा कि इस वीडियो में वीएसआर के मालिक रोहित सिंह मुख्य पायलट की सीट पर उड़ान के दौरान सोते हुए दिखाई दे रहे हैं।

## दिनभर पूजन के बाद शाम को दहकी होलिका

### जिले में 12 सौ से अधिक स्थानों पर ढोल की थाप और डीजे की धुन पर नाचते युवाओं में दिखा उल्लास

**मुजफ्फरनगर, 2 मार्च (बु.)।** दिनभर होलिका दहन स्थलों पर पूजन के बाद देर शाम तमाम स्थानों पर होलिका दहन कर परिवार ओर समाज में सुख समृद्धि की कामना की गई। इस दौरान ढोल की थाप के साथ डीजे पर होली गीतों के साथ युवाओं ने जमकर नृत्य किया। आमतौर पर होलिका दहन के अगले दिन रंग पर्व दुल्हैंडी पर रंग खेला जाता है, लेकिन इस बार चंद्रग्रहण होने के कारण मंगलवार के बजाय बुधवार को फाग खेला जाएगा। फाल्गुन मास की पूर्णिमा पर होली के उत्सव का उल्लास आज नगर समेत जिले भर में मनाया गया। आज सुबह से ही घरों में होली का उत्साह था। महिलाएं पकवान बनाने में जुटी रहीं। इसके साथ ही तमाम लोगों ने अपने देवताओं और भुमिया स्थल पर पूजन किया। दोपहर में हनुमान जी के रोट के पूजन के साथ होलिका स्थलों पर महिलाएं और बच्चों की भीड़ दिखाई दी। सभी ने अपनी परंपरा के साथ होलिका पूजन किया।

**बच्चों में दिखा उत्साह**

बदलती परंपरा के साथ सूत के धागे के स्थान पर अब ज्यादातर स्थानों पर कपड़े सिलने वाली रील लेकर होलिका की परिक्रमा की गई। इस मौके पर परिवार के बच्चों के गले में मेवा और चॉकलेट के हार पहनाए गए तो बच्चे खुशी से झूम उठे। इसके साथ ही एक दूसरे को होली की बधाई के साथ उपहार भी दिए गए। खासतौर से बहनों के यहां फगुआ भेजने की परंपरा के चलते नए वस्त्रों, श्रृंगार प्रसाधन, चूड़ियां और गुंजिया आदि उपहार के रूप में दी गई। घरों में होली के उल्लास के बीच बच्चे रंगों में रंगने-रंगाने के लिए उतावले दिखाई दिए। परिजनों के रोकने के बावजूद बच्चे गुब्बारों में पानी भरकर एक दूसरे के साथ आने जाने वालों पर फेंकते दिखाई दिए। लकड़ी और उपलों के साथ ऊंची से ऊंची होली बनाने की होड़ भी युवाओं में नजर आई।

**पूजन के साथ जली होली**

होलिका पूजन के साथ शाम दहन के मुहूर्त में होलिका जलाई गई। जिले में 1215 स्थानों पर आज होली सजाई गई थी। दिन में वहां पूजन की परंपरा के बाद शाम को मुहूर्त के साथ पूजन कर होलिका दहन किया गया। होलिका भक्त प्रहलाद के जीवित बचने की याद में मनाई जाती है। पिता हिरण्यकश्यप के आदेश पर भक्त प्रहलाद को जलाने के लिए होलिका अग्नि के बीच बैठी। होलिका को ब्रह्मा जी से वरदान मिला था कि वो अग्नि में नहीं जलेगी, लेकिन जैसे ही उसने उस वरदान का गलत इस्तेमाल किया और प्रह्लाद को जलाने की कोशिश की वो खुद जल गई। इसी का स्मरण करते हुए आज भी होलिका दहन होता है, ताकि हम न भूलें कि आखिर में जीत हमेशा सच्चाई और अच्छे कर्मों की होती है चाहे रावण का पुतला जलाओ या होलिका। होलिका पर नई फसल के रूप में गेहूं की बालियां भी अर्पित की जाती हैं। इसके साथ ही अच्छी फसल के लिए भी कामना की जाती है।








## फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक

**बुढ़ाना, 2 मार्च (बु.)।** बस्ती के बाहर जंगल में दो खंभों के बीच रस्सी के फंदे पर झूलता हुआ एक युवक का शव मिला तो पुलिस में हड़कंप मच गया, वहीं युवक की लाश देख परिजनों में भी जबरदस्त कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची बुढ़ाना पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से शव को खंभे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी। यह आत्महत्या है या हत्या इसका खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। मृतक युवक मजदूरी करने घर से निकला था। बुढ़ाना नई तहसील के पीछे गांव सफीपुर पट्टी निवासी 21 वर्षीय अफसर पुत्र नियामत अहमद बीती रविवार की सायं अपने घर से ईंट भट्ठे पर मजदूरी करने के लिए निकला था। सोमवार की सुबह उनको बुढ़ाना पुलिस से जानकारी मिली कि उनके घर के पास कुछ ही दूरी पर एक युवक की लाश वर्जिश वाले खंभे से लटकी मिली है। मौके पर जमा लोग लाश उनके परिवार के किसी सदस्य की होने की बात बता रहे हैं। तब वे मौके पर पुलिस और मौहल्ले के लोगों के साथ पहुंचे तो लाश की शिनाख्त उनके ही परिवार के सदस्य अफसर के रुप में की गयी। यह देख परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों की सहायता से शव को खंभों से उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।



## मां और बेटी की मौत, बेटे की हालत गंभीर

**शामली, 2 मार्च (एजेंसी)।** मुजफ्फरनगर-शामली हाईवे पर तहसील चौराहे के पास सोमवार दोपहर बाद बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराने बड़ा हादसा हो गया। हादसे में बाइक सवार मुजफ्फरनगर के अलीपुर कलां के रहने वाली मां राजेश और उनकी बेटी तनु की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चला रहा बेटा आकाश घायल हो गया। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार, मुजफ्फरनगर के तितावी क्षेत्र के अलीपुर कलां निवासी आकाश होली की खरीदारी के लिए गांव से शामली आया था। शाम करीब पांच बजे वह अपनी मां राजेश (48) और बहन तनु (18) को बाइक पर बैठाकर वापस गांव लौट रहा था। जैसे ही उनकी बाइक मुजफ्फरनगर-शामली हाईवे पर तहसील चौराहे के पास पहुंची, युवक अचानक नियंत्रण खो बैठा और बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक में जा घुसी। हादसे में मां और बेटी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि आकाश गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे मेरठ रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। परिजनों को सूचना दे दी गई है।

## चंद्रग्रहण आज, बुधवार को खिलेगा फाग

**मंदिरों के कपाट सुबह 6.20 बजे बंद हो जाएंगे**

**मुजफ्फरनगर, 2 मार्च (बु.)।** मंगलवार 3 मार्च को पूर्णिमा पर पूर्ण चंद्रग्रहण के चलते तमाम मंदिरों के कपाट बंद रहेंगे। इस दौरान पूजा अर्चना नहीं होगी। ग्रहण के चलते मंगलवार को रंग भी नहीं खेला जाएगा। रंगों की दुल्हैंडी बुधवार को होगी। साल का पहला चंद्र ग्रहण कल यानि मंगलवार को होगा। इस दौरान चंद्रमा गहरे लाल या तांबे जैसे रंग का दिखाई देगा। भारत में इसे आंशिक चंद्रग्रहण के रूप में शाम को केवल कुछ मिनट के लिए ही देखा जा सकेगा। यह ग्रहण ग्रस्तोदय के रूप में नजर आएगा, जिसमें चंद्रोदय के समय ही चंद्रमा पर ग्रहण लगा हुआ होगा। ग्रहण की शुरूआत दोपहर लगभग 3 बजकर 20 मिनट से होगी, लेकिन तब भारत में चंद्रोदय नहीं हुआ होगा।

आंशिक ग्रहण की समाप्ति शाम 6 बजकर 47 मिनट पर होगी। सूतक काल शुरू होने के कारण सुबह 6.20 बजे मंदिरों के कपाट बंद हो जाएंगे। ग्रहण समाप्त होने के बाद शाम सात बजे कपाट खुलेंगे और विधिवत पूजा अर्चना होगी। इसके चलते दुल्हैंडी का पर्व बुधवार को मनाया जाएगा। मुजफ्फरनगर में सूर्यास्त 6 बजकर 19 मिनट पर होगा। चंद्रोदय इसके तुरंत बाद होगा। ऐसे में यहां इसके बाद ही चंद्रग्रहण देखा जा सकेगा। इसके पहले जिन नगरों में चंद्रोदय हो चुका होगा उनमें ग्रहण को कुछ मिनट के लिए देखा जा सकेगा। पूर्वोत्तर नगरों में इसे अधिक देर तक देखा जा सकेगा, क्योंकि वहां सूर्यास्त पहले होने पर चंद्रोदय जल्दी होगा। यह इस साल का पहला चंद्रग्रहण होगा। ऐसे में चंद्र ग्रहण दिखने के कारण यहां इसकी सभी परंपराओं का पालन होगा। चंद्र ग्रहण के समय दान आदि का महत्व है।






## मध्यपूर्व में फंसे जिले के लोगों की जानकारी देगा प्रशासन

### इजरायल-ईरान युद्ध के बीच प्रशासन ने शुरू किया 2477 इमरजेंसी कंट्रोल रूम

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच बढ़ते वैश्विक तनाव और युद्ध जैसी स्थितियों ने मुजफ्फरनगर के सैकड़ों परिवारों की धड़कनें बढ़ा दी हैं। जनपद के बड़ी संख्या में लोग इजरायल, दुबई, सऊदी अरब और अन्य खाड़ी देशों में रोजगार के लिए गए हुए हैं। युद्ध के कारण वहां फंसे परिजनों की सुरक्षा को लेकर घरवाले खासे परेशान हैं। इन चिंताओं को देखते हुए जिला प्रशासन ने तत्परता दिखाते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर/कंट्रोल रूम सक्रिय कर दिया है। प्रशासन ने प्रभावित परिवारों की मदद के लिए टोल-फ्री नंबर 1077 और लैंडलाइन नंबर जारी किए हैं, जो 24 घंटे कार्य करेंगे।

**अफवाहों से बचने की अपील**

**मुजफ्फरनगर।** जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि युद्ध प्रभावित क्षेत्रों में फंसे मुजफ्फरनगर के नागरिकों का डेटा जुटाया जा रहा है ताकि उन्हें हर संभव सरकारी सहायता पहुंचाई जा सके। एडीएम फाइनेंस गजेंद्र कुमार ने जनता से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर चल रही किसी भी प्रकार की भ्रामक अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल अधिकृत हेल्पलाइन नंबरों पर ही संपर्क करें।

**परिजनों के लिए राहत की खबर**

**मुजफ्फरनगर।** प्रशासन का कहना है कि जो भी परिवार अपने सदस्यों के बारे में जानकारी साझा करेगा, उसका विवरण तत्काल उच्च अधिकारियों और संबंधित मंत्रालयों को भेजा जाएगा ताकि उनकी सुरक्षित वापसी या कुशलता सुनिश्चित की जा सके।



"वैश्विक स्तर पर कुछ देशों में उत्पन्न हुई असामान्य स्थितियों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में कंट्रोल रूम संचालित किया गया है। यदि मुजफ्फरनगर का कोई भी व्यक्ति बाहरी देशों में फंसा हुआ है, तो उनके परिजन इसकी सूचना हमें दें। शासन के निदेर्शानुसार उन तक हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी।"

**गजेंद्र कुमार, एडीएम फाइनेंस, मुजफ्फरनगर**

## नई मंडी में होलिका दहन की लपटों से बिजली के खम्भे में लगी भीषण आग, मचा हड़कंप

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** जनपद के थाना नई मंडी क्षेत्र के अंतर्गत मोहल्ला घेर खत्ती में रविवार रात होलिका दहन के दौरान एक बड़ा हादसा होते-होते बचा। होलिका दहन के लिए प्रज्वलित की गई अग्नि की ऊंची लपटों की चपेट में आकर पास में स्थित बिजली के खंभे और तारों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते पूरा खंभा आग का गोला बन गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी और हड़कंप मच गया जिसके बाद से करंट फैलाने के डर से लोगों में दहशत फैल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही होलिका में अग्नि प्रज्वलित की गई, उसकी तपिश और लपटों ने ऊपर से गुजर रहे बिजली के तारों को अपनी चपेट में ले लिया। खंभे से चिंगारियां गिरने लगीं और आग फैल गई। मोहल्ले के लोगों में इस बात को लेकर भारी डर देखा गया कि यदि आग बुझाने के लिए पानी का प्रयोग किया गया, तो खंभे में उतर रहे करंट से बड़ा हादसा हो सकता है।

**बिजली ठप्प, इंटरनेट और केबल सेवाएं ठप**

**मुजफ्फरनगर।** इस अग्निकांड के कारण क्षेत्र की बिजली आपूर्ति तथा संचार व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। खंभे पर मौजूद केबल टीवी और इंटरनेट के तार जलकर राख हो गए हैं, जिससे आसपास के दर्जनों घरों में इंटरनेट और केबल टीवी की सेवाएं बंद हो गई हैं। स्थानीय निवासियों को अब संचार सुविधाओं की बहाली का इंतजार है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए मोहल्ले वासियों ने सूझबूझ का परिचय दिया और तत्काल डायल 112 व बिजली विभाग को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही विभाग द्वारा क्षेत्र की बिजली आपूर्ति काट दी गई, जिसके बाद स्थिति पर काबू पाया जा सका। गनीमत रही कि आग समय रहते नियंत्रित हो गई और कोई जनहानि नहीं हुई।




## ब्रज में विदेशी महिलाएं झूमकर नाचीं : 1000 विधवा महिलाओं ने होली खेली

**मथुरा, 2 मार्च (एजेंसी)। ब्रज में होली की धूम है। सोमवार को वृंदावन में हर कोई होली के रंग में रंगा नजर आया। कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने प्रियाकांत जू के चरणों में रंग अर्पित कर होली की शुरूआत की। इसके बाद हाइड्रोलिक पिचकारी से भक्तों और श्रद्धालुओं पर अबीर-गुलाल उड़ाया। जैसे ही महाराज ने होली के रसिया गाने शुरू किए, पूरा मंदिर जयघोष से गूंज उठा। वहीं, प्राचीन गोपीनाथ मंदिर में निराश्रित और विधवा माताओं के लिए विशेष होली का आयोजन किया गया। 1000 से अधिक विधवा और निराश्रित महिलाएं होली के भजन पर अबीर-गुलाल उड़ाकर जमकर नाचते-झूमते दिखीं। इनके साथ विदेशी महिलाएं भी झूमती नजर आईं। विदेशी पर्यटकों ने कहा- यह अद्भुत अनुभव है और उन्हें बहुत आनंद आ रहा। ऐसी होली पहले कभी नहीं देखी। इस तरह के आनंद की अनुभूति पहली बार हुई है। सुलभ इंटरनेशनल के इस कार्यक्रम में 20 क्विंटल फूल और 25 क्विंटल गुलाल की व्यवस्था की गई थी।**

## सावधान : अनजान कॉल रिसीव करते ही पति-पत्नी के बैंक खातों से उड़े रुपए 1.99 लाख

**मुजफ्फरनगर, 02 मार्च (बु.)।** साइबर ठगों ने ठगी का एक नया और सनसनीखेज तरीका अपनाते हुए एक ही परिवार के दो बैंक खातों पर सेंध लगा दी। ठगों ने नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के निवासी एक व्यक्ति और उसकी पत्नी के खातों से कुल 1.99 लाख रुपए पार कर दिए। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर साइबर सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला लक्ष्मीपुरम निवासी संजय कुमार सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई थी। पीड़ित ने जैसे ही कॉल रिसीव की, दूसरी तरफ से कोई आवाज नहीं आई और कॉल कट गई। पीड़ित संजय कुमार के बताया कि, कॉल कटने के कुछ ही देर बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आए, जिन्हें देखकर उनके होश उड़ गए। शातिर ठगों ने संजय कुमार के खाते से 99 हजार रुपए निकाल लिए। उनकी पत्नी रेखा सैनी के खाते से भी एक लाख रुपए साफ कर दिए। हैरानी की बात यह रही कि पीड़ित के पास न तो कोई ओटीपी आया और न ही उन्होंने कोई गोपनीय जानकारी साझा की। केवल कॉल रिसीव करना ही भारी पड़ गया।

घटना के बाद पीड़ित ने तुरंत नई मंडी कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है और मामले को गंभीरता से लेते हुए साइबर सेल को जांच सौंप दी है। पुलिस अब उस नंबर को ट्रेस कर रही है जिससे कॉल आई थी, साथ ही उन खातों की भी जानकारी जुटाई जा रही है जिनमें पैसे ट्रांसफर हुए हैं। अब ऐसे में हम सभी को

सतर्क रहने की आवश्यकता है, साइबर विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि किसी भी संदिग्ध या अनजान नंबर से आने वाली कॉल को लेकर सावधान रहें और अपने फोन में अनावश्यक ऐप्स इंस्टॉल न करें नहीं तो आप साइबर ठगों का शिकार हो सकते हैं।

## ट्रम्प बोले- ईरान से 4-5 हफ्ते जंग चल सकती है

**तेल अवीव/तेहरान, 2 मार्च (एजेंसी)।** इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान से जंग 4-5 हफ्ते तक चल सकती है, लेकिन अमेरिका के पास इससे ज्यादा समय तक कार्रवाई करने की क्षमता है। व्हाइट हाउस में दिए बयान में ट्रम्प ने कहा कि अमेरिकी सेना अभी भी ईरान में बड़े स्तर पर सैन्य कार्रवाई कर रही है। इससे पहले इंटरव्यू में ट्रम्प ने कहा अमेरिका ने अभी पूरी ताकत से हमला शुरू नहीं किया है। ईरान पर अभी सबसे बड़ा हमला बाकी है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे बड़ी सेना है और उसका इस्तेमाल किया जा रहा है। ट्रंप ने ईरान पर हमलों को सही ठहराते हुए कहा कि तेहरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका के लिए बढ़ता खतरा बन गया था। व्हाइट हाउस के ईस्ट रूम में मीडिया से बातचीत में ट्रंप ने कहा कि यह हमला 'खौफनाक खतरे को खत्म करने का आखिरी और सबसे बेहतर मौका' था। उन्होंने दावा किया कि इस कार्रवाई को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक समर्थन उनके साथ मौजूद था। ट्रंप ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए हुए समझौते के लिए तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा को जिम्मेदार ठहराया। यह समझौता ओबामा प्रशासन के दौरान किया गया था।



अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने राष्ट्रपति बराक हुसैन ओबामा की ओर से किए गए ईरान परमाणु समझौते को खत्म कर दिया। ट्रंप ने उस समझौते को बहुत ही खराब, खतरनाक दस्तावेज बताया। उन्होंने कहा, अगर वह समझौता चलता रहता, तो ईरान के पास तीन साल पहले ही परमाणु हथियार होते और वह उनका इस्तेमाल भी कर चुका होता। ट्रंप ने यह भी कहा कि उन्होंने ऐसा नहीं होने दिया। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान साल 2018 में अमेरिका को इस परमाणु समझौते से अलग कर दिया था। दूसरी ओर ईरान के टॉप नेशनल सिक्योरिटी अधिकारी अली लारीजानी ने सोमवार को कहा कि ईरान अमेरिका से कोई बातचीत नहीं करेगा। यह बयान उन खबरों के जवाब में आया है, जिनमें कहा गया था कि ईरान ने अमेरिका से फिर से बातचीत शुरू करने की कोशिश की है।

**अमेरिका के 3 फाइटर जेट क्रैश**

ईरान ने जंग के तीसरे दिन सोमवार को मिडिल-ईस्ट के 4 देशों में 6 अमेरिकी बेस पर हमला किया। कुवैत में अमेरिका के 3 फाइटर जेट क्रैश हो गए हैं। अमेरिका ने कहा कि कुवैत ने इन फाइटरजेट्स को दुश्मन का विमान समझकर निशाना बनाया। सभी अमेरिकी पायलट सुरक्षित हैं।

तेरहवाँ रोजा - 03-03-2026
इफ़तार: सुन्नी 6:21, शिया 6:35
रमजान- 2026
चौदहवां रोजा - 04-03-2026
सहरी: सुन्नी 5:20, शिया 5:23



